Title: Need to make textile mills under British India Corporation in Kanpur, U.P. viable-Laid.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर): ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन की तीन कपड़ा मिलें लगभग बंद हैं। एलग्नि मिल नं0 1 एवं 2, कानपुर टैक्सटाईल जिसमें पिछले अगस्त माह से श्रमिकों का वेतन नहीं दिया गया है, जिसके कारण श्रमिकों का परिवार भुखमरी के कगार पर खड़ा है।

इन मिलों के मजदूर 15 दिनों से बी0आई0सी0 मुख्यालय पर धरना दे रहे हैं। इसके उपरांत कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इन तीनों मिलों में से एक मिल चलाने का रिवाईवल प्लान श्रमिकों ने एक र्वा पूर्व प्रधान मंत्री जी को दिया था। इस पर प्रधान मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि इस प्लान को क्रियान्वित किया जायेगा किंतु अभी तक उस रिवाईवल प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। पिछले छः माह से मजदूरों को वेतन नहीं बांटा गया है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से कपड़ा मंत्रालय को निर्देशित करें कि मजदूरों के वेतन का तुरंत भुगतान करें तथा भारत सरकार के अंतर्गत विचाराधान रिवाईवल प्लान को शीघ्र लागू करें और शीघ्र मिल को चालू करें।